प्रादेशिक समाचार
07.11.2024 (संध्या 1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. चुनाव प्रचार में एनडीए और इंडी गठबंधन के नेताओं के बीच जुबानी जंग जारी, झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भाजपा पर केन्द्रीय एजेंसियों के दुरूपयोग का लगाया आरोप।

2. प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने किया पलटवार, कहा—भ्रष्टाचारियों को संरक्षण देनेवालों के खिलाफ एंजेसिंयां कर रही कार्रवाई।

3. कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी का कल सिमडेगा, लोहरदगा और जमशेदपुर में चुनावी दौरा, भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 10 नवंबर को गुमला और बोकारो में करेंगे चुनावी जनसभा।

4. लोक आस्था के महापर्व छठ को लेकर माहौल भक्तिमय, अस्ताचलगामी सूर्य को छठ व्रतियों ने अर्पित किया अर्घ्य, उदीयमान सूर्य को कल सवेरे अर्घ्य अर्पित करने के साथ ही नेम निष्ठा के चार दिवसीय महापर्व का अनुष्ठान हो जाएगा संपन्न।

****************

छठ महापर्व के बावजूद, एनडीए और इंडी गठबंधन के नेता अपनी—अपनी पार्टी के उम्मीदवारों के समर्थन में राज्य भर में खूब पसीना बहा रहे हैं। झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भाजपा पर गंभीर आरोप लगाया है। श्री सोरेन ने आज खूंटी के तोरपा में पार्टी प्रत्याशी के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए भाजपा पर केन्द्रीय एजेंसियों के दुरूपयोग का आरोप लगाया।

****************

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने हेमंत सोरेन के बयान पर पलटवार किया है। उन्होंने सोशल मीडिया में प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि हेमंत सोरेन के नेतृत्ववाली सरकार में भ्रष्टाचारियों पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। श्री मरांडी ने कहा कि भ्रष्टाचारियों को बचानेवालों के खिलाफ जांच एजेंसी कार्रवाई करेगी।

****************

छठ महापर्व के बाद विधानसभा चुनाव के प्रचार और जनसंपर्क अभियान में और तेजी आने की संभावना है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी 8 नवंबर को सिमडेगा, लोहरदगा और जमशेदपुर में चुनाव प्रचार करेंगे, वहीं 9 नवंबर को श्री गांधी का बरही और बाघमारा में भी जनसभा प्रस्तावित है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकाअर्जुन खड़गे 11 नवंबर को मनिका आ सकते हैं।

इधर भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी प्रचार के सिलसिले में दूसरी बार दस नवंबर को राज्य के चुनावी दौरे पर आयेंगे। वे गुमला और बोकारो में एनडीए प्रत्याशियों के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। रांची में उनका रोड शो भी होगा। इससे एक दिन पहले नौ नवंबर को भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह छतरपुर, हजारीबाग और पोटका में एनडीए के पक्ष में चुनाव प्रचार करेंगे। साथ ही जमशेदपुर में उनका रोड शो भी होगा।

****************

भाजपा की वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने हजारीबाग में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि इंडी गठबंधन की सरकार से लोग त्रस्त हैं।

दूसरी ओर, झारखंड मुक्ति मोर्चा की वरिष्ठ नेता कल्पना सोरेन ने खूंटी में सार्वजनिक बैठक की। इस दौरान उन्होंने भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा कि हेमंत सोरेन सरकार के कार्यकाल में कई विकास परियोजनाएं पूरी की गई हैं।

कांग्रेस, राजद, आजसू पार्टी और वाम दलों के नेता भी राज्य के विभिन्न हिस्सों में चुनावी रैलियों को संबोधित कर रहे हैं। 81 सदस्यीय विधानसभा के लिए पहले चरण का मतदान 13 नवंबर को होगा, जबकि दूसरे चरण की वोटिंग 20 नवंबर को होगी। दोनों चरणों की मतगणना 23 नवंबर को होगी।

****************

झारखंड–बिहार समेत देशभर में सूर्य की उपासना और लोकआस्था के महापर्व छठ को लेकर वातावरण भक्तिमय बना हुआ है। चार दिवसीय छठ महापर्व के तीसरे दिन आज शाम छठ व्रतियों ने अस्ताचलगामी सूर्य को पहला अर्घ्य अर्पित किया। अर्घ्य अर्पित करने के लिए छठ घाटों पर आम और खास में खासा उत्साह देखा गया। कल सवेरे उदीयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के साथ ही चार दिवसीय नेम निष्ठा का महापर्व छठ का अनुष्ठान संपन्न हो जाएगा।

श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को लेकर छठ घाटों पर प्रशासन की ओर से व्यापक प्रबंध किये गये हैं। छठ महापर्व को लेकर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने लोगों को शुभकामनायें दी है।

****************

छठ महापर्व के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए रेलवे की ओर से आज भी कई विशेष रेल गाड़ियों का परिचालन किया जा रहा है। हटिया–दुर्ग स्पेशल ट्रेन के अलावा अन्य मार्गों पर भी त्योहारी विशेष ट्रेनें चलाई जा रही हैं। रेल यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा के लिए रेलवे ने व्यापक स्तर पर प्रबंध किए हैं। यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा ना हो इसे लेकर रेलवे की ओर से खास ख्याल रखा जा रहा है।

****************

प्रसिद्ध लोक गायिका शारदा सिन्हा का अंतिम संस्कार आज बिहार के पटना में पूरे राजकीय सम्मान के साथ किया गया। गंगा नदी के तट पर गुलाबी घाट पर अंतिम संस्कार के समय बडी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद थे।

****************

राज्य में मौसम शुष्क बना हुआ है और न्यूनतम तापमान में कमी आयी है। मौसम विज्ञान केंद्र रांची से प्राप्त आंकड़ों के मुताबिक अधिकांश जिलों में न्यूनतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस या उससे नीचे पहुंच गया है। हालांकि अधिकतम तापमान अभी भी औसतन 30 डिग्री के आसपास चल रहा है। अगले 5 दिनों के दौरान न्यूनतम तापमान में किसी बड़े बदलाव की उम्मीद कम है। सवेरे कुहासे की स्थिति रह सकती है और आसमान में आंशिक रूप से बादल छाए रह सकते हैं। आगामी 9 और 10 नवंबर को आकाश के मुख्यतः साफ रहने का पूर्वानुमान है। उसके बाद 12 नवंबर तक आसमान में आंशिक रूप से बादल छाए रहने की संभावना है।

*******समाप्त*******